PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Sat, 03 Jun 2017, Page 11
Width: 5.54 cms, Height: 11.06 cms, a4, Ref: 39.2017-06-03.116

योग दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

लखनऊ। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सुलखान सिंह ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लखनऊ समेत प्रदेश भर में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम करने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। डीजीपी सिंह ने प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों को इस आशय के निर्देश भेजे है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में आयोजित होने वाले योगाभ्यास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। लखनऊ में एक ही स्थान पर 51 हजार से अधिक योगाभ्यासियों के शामिल होने की संभावना है। (एसएनबी)